दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स
PRGI No._RJHIN/25/A0587

वर्ष : 01 अंक : 67 जयपुर, बुधवार, 08 अक्टूबर 2025 प्रभात संस्करण मूल्य: 2 रु. कुल पृष्ठ : 4



सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com


## 65वें राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज पाठ्यक्रम के संकाय और पाठ्यक्रम सदस्यों ने राष्ट्रपति से भेंट की

- राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय सुरक्षा में साझा रणनीति और वैश्विक मूल्यों के संतुलन पर दिया जोर
- सशस्त्र बलों की संयुक्तता और तकनीकी सक्षमता की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता
- राष्ट्रपति भवन में NDC प्रतिनिधियों से संवादः राष्ट्रीय हितों और वैश्विक शांति पर विचार
- राष्ट्रपति मुर्मु ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख कर सैन्य समन्वय की सराहना की



नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

65वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय पाठ्यक्रम के संकाय और पाठ्यक्रम सदस्यों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के सुरक्षा ढांचे की नींव उसके राष्ट्रीय हित और उद्देश्य होते हैं। हालांकि, हमारे राष्ट्रीय हितों के मूल में सार्वभौमिक मूल्य हैं। भारतीय परंपरा ने हमेशा संपूर्ण मानवता को एक परिवार के रूप में देखा है। सार्वभौमिक भाईचारा और शांति हमारी आस्था के मूल तत्व रहे हैं। लेकिन हमने मानवता और हमारे राष्ट्र के लिए हानिकारक शक्तियों को पराजित करने के लिए युद्ध के लिए तैयार रहने को भी महत्व दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एकजुटता और रणनीतिक दूरदर्शिता की शक्ति का प्रदर्शन किया। तीनों सेनाओं की सुनियोजित प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप प्रभावी तालमेल बना।

यह तालमेल सीमा-पार नियंत्रण रेखा और उसके अंदरूनी क्षेत्रों में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को खत्म करने के सफल अभियान के पीछे था। मुर्मु ने कहा कि संयुक्तता को बढ़ावा देने की प्रक्रिया सैन्य मामलों के विभाग के गठन के साथ शुरू हुई, जिसके सचिव चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ़ हैं। उन्होंने कहा कि एकीकृत थिएटर कमांड और एकीकृत युद्ध समूहों की स्थापना के माध्यम से सेनाओं के पुनर्गठन के प्रयास जारी हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि बदलता भू-राजनीतिक वातावरण और सुरक्षा परिदृश्य गतिशील प्रतिक्रिया की मांग करते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि भारत सशस्त्र बलों को एक प्रौद्योगिकी-सक्षम और बहु-क्षेत्रीय एकीकृत अभियान के लिए तत्पर बल के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में कार्यरत है। राष्ट्रपति ने इस अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के संचालन के लिए देश के इस राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय की सराहना की, जो एक मानक शिक्षण कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री आज और कल महाराष्ट्र का दौरा करेंगे

- प्रधानमंत्री लगभग 19,650 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे
- प्रधानमंत्री मुंबई मेट्रो लाइन-3 के अंतिम चरण का उद्घाटन करेंगे और 37,270 करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत से निर्मित संपूर्ण मुंबई मेट्रो लाइन-3 को राष्ट्र को समर्पित करेंगे
- प्रधानमंत्री 11 सार्वजनिक परिवहन ऑपरेटरों के लिए भारत के पहले एकीकृत कॉमन मोबिलिटी ऐप- मुंबई वन की शुरुआत करेंगे

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8-9 अक्टूबर को महाराष्ट्र के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री नवी मुंबई पहुंचने के बाद दोपहर लगभग 3 बजे नवनिर्मित नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात, लगभग 3꞉30 बजे प्रधानमंत्री नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और मुंबई में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और समर्पित भी करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। 9 अक्टूबर को सुबह लगभग 10 बजे, प्रधानमंत्री मोदी मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर की मेज़बानी करेंगे। दोपहर लगभग 1꞉40 बजे, दोनों देशों के प्रधानमंत्री मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में सीईओ फोरम में भाग लेंगे। इसके बाद, दोपहर लगभग 2꞉45 बजे, दोनों प्रधानमंत्री ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के छठे संस्करण में शामिल होंगे। वे फेस्ट में मुख्य संबोधन भी देंगे।

### नवी मुंबई में प्रधानमंत्री

भारत को वैश्विक विमानन केंद्र में परिवर्तित करने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, प्रधानमंत्री लगभग 19,650 करोड़ रुपये की



लागत से निर्मित नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के चरण 1 का उद्घाटन करेंगे। नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना है, जिसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत विकसित किया गया है। मुंबई महानगर क्षेत्र के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में, एनएमआईए, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के साथ मिलकर कार्य करेगा ताकि भीड़भाड़ कम हो और मुंबई को वैश्विक बहु-हवाई अड्डा प्रणालियों की श्रेणी में शामिल किया जा सके।

1160 हेक्टेयर क्षेत्रफल के साथ, दुनिया के सबसे कुशल हवाई अड्डों में से एक के रूप में डिज़ाइन किया गया यह हवाई अड्डा अंततः वार्षिक 90 मिलियन यात्रियों (एमपीपीए) और 3.25 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो को संभाल सकेगा।इसकी अनूठी सुविधाओं में एक स्वचालित पीपल मूवर (एपीएम) शामिल है, जो एक परिवहन प्रणाली है जो सभी चार यात्री टर्मिनलों को सुचारू अंतर-टर्मिनल स्थानांतरण के लिए जोड़ेगी, साथ ही एक लैंडसाइड एपीएम भी है जो शहर के बुनियादी ढांचे को जोड़ेगा।

स्थायी प्रथाओं के अनुरूप, इस हवाई अड्डे में स्थायी विमानन ईंधन (एसएएफ) के लिए समर्पित भंडारण, लगभग 47 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन और पूरे शहर में सार्वजनिक संपर्क के लिए ईवी बस सेवाएं उपलब्ध होंगी।

एनएमआईए देश का पहला हवाई अड्डा भी होगा जो वाटर टैक्सी से जुड़ा होगा।प्रधानमंत्री आचार्य अत्रे चौक से कफ परेड तक फैली मुंबई मेट्रो लाइन-3 के चरण 2बी का उद्घाटन करेंगे।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने सुरक्षा परिषद की खुली बहस में पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार किया

## पाकिस्तान अपने ही लोगों पर बमबारी करता है, दुनिया सब जानती है: भारत

- भारत द्वारा पाकिस्तान पर तीखी प्रतिक्रिया
- भारत की महिला, शांति और सुरक्षा एजेंडे में भूमिका
- संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत की ऐतिहासिक व आधुनिक भागीदारी
- भारत की कूटनीतिक प्रतिक्रिया पर आधारित उपशीर्षक
- यूएनएससी में भारत ने पाकिस्तान के झूठ और दुष्प्रचार की खोली पोल
- राजदूत हरीश का तीखा प्रहारः पाकिस्तान गुमराह करता है, नरसंहार करता है
- 1971 के ऑपरेशन सर्चलाइट का हवाला देकर पाकिस्तान की पोल खोलता भारत




नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की नजर भारतीय भू-भाग खासकर जम्मू-कश्मीर पर है। हर वर्ष भारत की पाकिस्तान भ्रामक निंदा करता है। यह वही देश है, जो अपने लोगों पर बमबारी करता है। सुनियोजित नरसंहार करता है। 1971 का ऑपरेशन सर्चलाइट इसका गवाह है। दुनिया पाकिस्तान के दुष्प्रचार को समझती है। इस बहस का विषय महिला, शांति और सुरक्षा रहा। न्यूयॉर्क स्थित भारत का स्थायी मिशन ने छह अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दिए गए राजदूत पार्वथानेनी हरीश का पूरा वक्तव्य जारी किया है। वक्तव्य के अनुसार, पार्वथानेनी ने कहा कि पाकिस्तान वही देश है, जो केवल गुमराह करने और अतिशयोक्ति से दुनिया का ध्यान भटकाने की कोशिश कर सकता है।

यह वही देश है जिसने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट चलाया और अपनी ही सेना को 4,00,000 महिलाओं के नरसंहारी सामूहिक बलात्कार के सुनियोजित अभियान को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि भारत महिला, शांति और सुरक्षा एजेंडे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अटल है। भारत अपने सहयोगियों, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने और साझा चुनौतियों के सामूहिक समाधान को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है।

### सुप्रीम कोर्ट में बिहार एसआईआर मामले की सुनवाई - 3.66 लाख मतदाताओं के नाम हटाने पर सख्त सवाल

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सुप्रीम कोर्ट में बिहार के एसआईआर मामले की सुनवाई सोमवार को शुरू हुई। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच इस केस की सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ता एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट को बताया कि फाइनल वोटर लिस्ट आने के बाद उन्हें मामले की गंभीरता का पता चला है। प्रशांत भूषण ने कहा कि एसआईआर के लिए 2003 और 2016 में कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश मौजूद हैं, जिनमें फर्जी मतदाताओं को हटाने के नियम स्पष्ट किए गए थे। लेकिन आयोग ने समस्याओं को सुलझाने के बजाय और जटिलता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता का बिल्कुल अभाव है।

## जम्मू-कश्मीर के बाढ़ एवं भूस्खलन प्रभावित किसानों को पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त अग्रिम जारी

- कृषि संकट में केंद्र सरकार का राहत पैकेजः जम्मू-कश्मीर के किसानों को मिली पीएम-किसान की अग्रिम किस्त
- बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित किसानों को मिली राहत, 8.55 लाख खातों में पहुंचे 171 करोड
- महिला किसानों को भी राहतः पीएम-किसान की किस्त में 85 हजार से अधिक महिलाओं को सीधा लाभ
- आपदा में सरकार किसानों के साथः 5100 घरों के पुनर्निर्माण के लिए 85 करोड़ मंजूर

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के बाढ़ एवं भूस्खलन प्रभावित किसानों को पीएम-किसान योजना की



21वीं किस्त अग्रिम जारी की। लगभग 8.55 लाख किसानों के खातों में सीधे करीब 171 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए, जिनमें 85 हजार से ज्यादा महिला किसान भी शामिल हैं। मंगलवार को कृषि भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के साथ केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय कृषि सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट उपस्थित रहे। जम्मू एवं कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार तथा अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी और किसान प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

### न्यूज़ ब्रीफ

## पुतिन और नेतन्याहू ने की मध्य पूर्व के हालात पर चर्चा



नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई बातचीत में मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई। क्रेमलिन प्रेस सेवा के हवाले से रूस की आधिकारिक समाचार एजेंसी तास ने यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि व्लादिमीर पुतिन ने नेतन्याहू से गाजा पट्टी में सामान्यीकरण के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना पर भी चर्चा की। क्रेमलिन प्रेस सेवा ने बताया कि पुतिन और नेतन्याहू ने छह अक्टूबर की शाम हुई बातचीत के दौरान सीरिया और ईरानी परमाणु मुद्दे पर भी चर्चा की। इसमें कहा गया, दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों ने ईरानी परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी स्थिति और सीरिया में और अधिक स्थिरता लाने के लिए बातचीत के जरिए समाधान खोजने की इच्छा व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि ईरान के खिलाफ इजराइल के सैन्य अभियान और ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बीच इस साल ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच पांच दौर की परमाणु वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। नौ सितंबर को ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने मिस्र में सहयोग फिर से शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## एयरलाइन इंडिगो 26 अक्टूबर से मुंबई और लंदन हीथ्रो के बीच सीधी उड़ानें शुरू करेगी

नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

एयरलाइन इंडिगो 26 अक्टूबर से मुंबई और लंदन हीथ्रो के बीच सीधी दैनिक नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू करेगी, जिसका किराया 22,999 रुपये से शुरू होगा। यह मैनचेस्टर के बाद यूनाइटेड किंगडम में उसका दूसरा गंतव्य होगा। एयरलाइन ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि नई सेवा नॉर्स अटलांटिक एयरवेज से लीज पर लिए गए ।









CMYK

## संपादक की कलम से....

# रोज़गार की तलाश में देश से बाहर जाते युवा- अवसर या संकट



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

वर्तमान समय में यह एक सामान्य दृश्य बन चुका है कि देश के लाखों युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद विदेशों की ओर रुख कर रहे हैं। बेहतर रोज़गार, उच्च जीवन स्तर और सुरक्षित भविष्य की तलाश उन्हें भारत से बाहर जाने के लिए प्रेरित कर रही है।

लेकिन यह प्रवृत्ति जितनी व्यक्तिगत दृष्टिकोण से उचित प्रतीत होती है, उतनी ही राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का कारण भी है। भारत एक युवा देश है, जहाँ जनसंख्या का बड़ा हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु का है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश भारत की सबसे बड़ी ताकत हो सकता है, बशर्ते इसका सही दिशा में उपयोग किया जाए। लेकिन जब यही युवा शक्ति विदेशों में अपनी प्रतिभा का उपयोग करने लगती है, तो देश में ब्रेन ड्रेन की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। चिकित्सा, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में योग्य युवा विदेशों में जाकर वहां की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं, जबकि भारत इन क्षेत्रों में कुशल मानव संसाधन की कमी से जूझ रहा है।

इस प्रवृत्ति के पीछे कई कारण हैं। भारत में उच्च शिक्षित युवाओं के लिए सीमित गुणवत्तापूर्ण रोजगार अवसर, अपेक्षाकृत कम वेतन, कार्यस्थलों पर असंतोषजनक वातावरण और करियर ग्रोथ की धीमी गति युवाओं को हतोत्साहित करती है। इसके विपरीत, विकसित देशों में इन्हें न केवल आकर्षक वेतन मिलता है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता, सामाजिक सुरक्षा और करियर विकास के व्यापक अवसर भी मिलते हैं। सरकार ने स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाएं शुरू की हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं को स्वदेश में ही अवसर प्रदान करना है।

लेकिन इन योजनाओं का प्रभाव तभी व्यापक होगा, जब रोजगार के वास्तविक अवसर जमीनी स्तर पर सृजित किए जाएं, शिक्षा प्रणाली को उद्योग के अनुकूल बनाया जाए और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए पारदर्शी नीतियाँ अपनाई जाएं।इस स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि भारत में एक ऐसा पारिस्थितिक तंत्र विकसित किया जाए, जिसमें युवा न केवल रोज़गार पा सकें।

बल्कि गर्व से कह सकें कि वे अपने देश में रहकर ही अपना भविष्य संवार सकते हैं। अन्यथा, यह टैलेंट एक्सोडस देश की दीर्घकालिक प्रगति के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है।

---

प्रदेश में एकता मार्च अभियान के होगा भव्य आयोजन

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रमः डा. नीरज के. पवन

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 6 दिसंबर 2025 तक एकता मार्च अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना और सरदार पटेल के दृष्टिकोण को श्रद्धांजलि देना है। शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग तथा अध्यक्ष-राजस्थान युवा बोर्ड डॉ. नीरज के पवन ने इस अभियान की दृष्टि,कार्यक्रम की रूपरेखा और जनभागीदारी के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सरदारञ्च150 यूनिटी मार्च अभियान सरदार पटेल की जयंती को समर्पित है और पूरे राज्य में आयोजित किया जाएगा। सबसे पहले जिला स्तर पर पदयात्रा का आयोजन 31 अक्टूबर से 15 नवम्बर 2025 तक होगा तथा राष्ट्रीय स्तर पर पदयात्रा 26 नवम्बर से 06 दिसम्बर 2025 तक होगी, जो सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म स्थली करमसाद से एकता नगर (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) तक जाएगी। 152 किलोमीटर की पदयात्रा में प्रदेश के सभी जिलों से दो-दो प्रतिनिधि जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा एकता मार्च अभियान के रूप में शुरू की गई पहल विकसित और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को प्रतिनिधित्व करती है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार माय भारत पोर्टल पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जो युवाओं को देशभक्ति की भावनाओं और एकता के संदेशों को व्यक्त करने के लिए के लिए एक रचनात्मक मंच प्रदान करेगा। डा. नीरज के. पवन ने बताया कि इस दौरान निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें चार विषयों विविधता में एकता भारत की एकता को बनाए रखने में युवाओं की भूमिका, सरदार वल्लभ भाई पटेल से सीखने वाले पाठ एक विकसित भारत के लिए व्यावहारिक नेतृत्व, भारत के भविष्य को आकार देने हेतु एक सामूहिक युवा कारेवाई तथा सरदार पटेल के जीवन मूल्य जीने का एक तरीका में से एक विषय पर 250 शब्द में लिखना है।




15 वर्ष से 29 वर्ष के मध्य के युवा भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पॉडकास्ट, प्रश्नोत्तरी एवं राष्ट्रीय रील प्रतियोगिता भी होगी। सभी पंजीकरण और गतिविधियां माय भारत पोर्टल पर हो रही है। सभी युवाओं से आग्रह है कि वे ऐतिहासिक पहल में जुड़े और सक्रिय भागीदारी करे। इस अवसर पर राजस्थान युवा बोर्ड के सचिव कैलाश पहाड़िया और माई भारत के निदेशक कृष्ण कुमार के अलावा एनएसएस के अधिकारी भी उपस्थित थे।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### रुबिकॉन रिसर्च लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम गुरुवार को खुलेगा

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

रुबिकॉन रिसर्च लिमिटेड (कंपनी) गुरुवार को 1 रुपये अंकित मूल्य वाले अपने इक्विटी शेयरों (इक्विटी शेयर) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (प्रस्ताव) खोलने का प्रस्ताव रखती है। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्यदिवस पहले, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025 है। बोली/प्रस्ताव की समाप्ति तिथि 13 अक्टूबर 2025 है। प्रस्ताव का मूल्य बैंड 1 रूपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए 461 रूपये से 1 रूपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए 485 रुपये तक निर्धारित किया गया है। 1 रुपये अंकित मूल्य वाले न्यूनतम 30 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 1 रुपये अंकित मूल्य वाले 30 इक्विटी शेयरों के गुणजों के लिए बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में 500 करोड़ रुपये तक का नया निर्गम और प्रमोटर विक्रय शेयरधारक, जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 877.5 करोड़ रुपये तक की बिक्री की पेशकश शामिल है।

### ग्रोमैक्स एग्री इक्विपमेंट ने 2 डब्ल्यू डी और 4 डब्ल्यू डी खंड में लॉन्च किए 8 नए ट्रैक्टर

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड और गुजरात सरकार के संयुक्त उद्यम, ग्रोमैक्स एग्री इक्विपमेंट लिमिटेड (जो पहले महिंद्रा गुजरात ट्रेक्टर लिमिटेड कहलाता था) ने 4 डब्ल्यू डी और 2 डब्ल्यू डी श्रेणियों में 8 नए ट्रैक्टर लॉन्च किए हैं, जिनमें 50 एचपी से कम क्षमता वाले खंड में भारत की पहली फैक्ट्री-फिटेड केबिन सीरीज़ भी शामिल है। ग्रोमैक्स के शक्तिशाली और ईंधन-कुशल डीजल इंजन और विश्व स्तरीय गियर बॉक्स प्रौद्योगिकी पर आधारित, इन नए ट्रैक्टरों का प्रदर्शन बेहतरीन है और इन्हें चलाना आसान है, जो खेती की अलग-अलग किस्म की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। नए ट्रैक्टरों का उपयोग बागों की खेती, सुपारी की खेती, अंतर-खेती (इंटर-कल्टीवेशन), गीली जुताई (पडलिंग) और ढुलाई के कामों में किया जाएगा।

### देश-विदेश में 108 स्थानों पर हुआ पूर्णिमा यज्ञ चीन, फिलीपींस, अमेरिका तक पहुंचा यज्ञीय संदेश



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

गायत्री परिवार की ओर से मंगलवार सुबह पूर्णिमा के मासिक ऑनलाइन पूर्णिमा यज्ञ में देश-विदेश के परिजनों ने बड़ी श्रद्धा एवं भावनात्मक एकता के साथ सहभागिता निभाई। राजस्थान के साथ-साथ पुणे, मुंबई, साहिबगंज (झारखंड), चीन, फिलीपींस और अमेरिका से भी परिजन आयोजन से जुड़े। यज्ञ में 108 स्थानों से लगभग 500 परिजनों ने आहुतियां अर्पित कीं। अनेक परिजन जूम एप की क्षमता पूर्ण हो जाने के कारण ऑफलाइन यज्ञ से जुड़े और घर-घर में सामूहिक भावना के साथ हवन संपन्न किया। जयपुर स्थित ब्रह्मपुरी शक्तिपीठ, वेदना निवारण केन्द्र मानसरोवर, नीमकाथाना शक्तिपीठ, दौसा शक्तिपीठ एवं कोटा शक्तिपीठ सहित अनेक केन्द्रों पर भी ऑनलाइन यज्ञ संपन्न हुआ। सभी परिजनों ने इन शक्तिपीठों के ऑनलाइन दर्शन किए। शांतिकुंज हरिद्वार से वरिष्ठ परिजनों ने मार्गदर्शन किया। यज्ञ का संचालन जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील कुमार शर्मा ने किया।

### केंद्रीय श्रम आयुक्त कार्यालय पर आज दवा प्रतिनिधि करेंगे विशाल धरना प्रदर्शन

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

दवा प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय संगठन फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटीव्ज़ एसोसियशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर विभिन्न लंबित मांगो को लेकर 8 अक्टूबर को केंद्रीय श्रम आयुक्त कार्यालय विद्याधर नगर जयपुर के समक्ष विशाल धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा । राजस्थान मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गालव व प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुंभज ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राज्य के सैकड़ों दवा प्रतिनिधि बुधवार प्रात- 11 बजे विद्याधर नगर जयपुर स्थित केंद्रीय श्रम आयुक्त कार्यालय के सामने धरना देकर प्रदर्शन करेंगे । उन्होंने बताया कि लंबे समय से दवा उद्योग में दवा प्रतिनिधियों के लिये समान एवं वैधानिक सेवा शर्तें लागू करने की मांग केंद्र सरकार के समक्ष लंबित है जिस पर कोई प्रभावी एवं सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई जिसका दुष्प्रभाव दवा प्रतिनिधियों पर पड़ रहा है । इन्होंने केंद्र सरकार से मांग दोहराई है कि अविलंब त्रिपक्षीय समिति की मीटिंग बुलाकर दवा प्रतिनिधियों के लिये समान एवं वैधानिक सेवा शर्तें लागू की जाए ।

---

स्कूल, कॉलेज, बैंक और हवाई अड्डों तक पहुंचेगी पुलिस, डीजीपी कार्यालय ने नोडल अधिकारी नियुक्त कर मांगा गतिविधियों का ब्यौरा

# राजस्थान में साइबर सुरक्षा माह की घोषणाः डीजीपी ने राज्यव्यापी जागरूकता अभियान चलाने का दिया निर्देश

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान में अब साइबर सुरक्षा के प्रति बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलेगा। पुलिस महानिदेशक कार्यालय एससीआरबी एवं साइबर क्राइम राजस्थान ने एक आधिकारिक परिपत्र जारी कर आगामी अक्टूबर माह को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाने का निर्देश दिया है।

पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम विकास शर्मा ने बताया कि यह पहल भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई4सी) नई दिल्ली के निर्देशों के संदर्भ में की गई है। जिसका उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना है। इसके लिए समस्त पुलिस उपायुक्तों, जिला पुलिस अधीक्षकों और कमांडेंट को समुचित योजना बनाकर अभियान संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

राज्य स्तर पर पुलिस अधीक्षक साइबर अपराध राजस्थान और जिला स्तर पर प्रत्येक जिले से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को इस अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान की पहुंच को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक सुनिश्चित करने के लिए आई 4 सी ने कई विभागों को भी इस अभियान में भागीदार बनाया है। जिसमे नागरिक उड्डयन विभाग, डाक विभाग, पंचायती राज विभाग और शिक्षा विभाग शामिल है।

इस माह आयोजित होने वाली प्रमुख गतिविधियों का विस्तृत खाका खींचा गया है, जिनमें शामिल स्कूलों, कॉलेजों, और विश्वविद्यालयों में साइबर जागरूकता संबंधी व्याख्यान, कार्यशालाएं, क्विज, सेमिनार और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, थानों/चौकियों पर पोस्टर, बैनर लगाए जाएंगे। मुख्य बाजारों, हॉस्पिटल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, और मेट्रो स्टेशनों पर साइबर जागरूकता स्टॉल लगाए जाएंगे।

जिला स्तर पर साइबर जागरूकता मैराथन एवं साइकिल रैली जैसी खेलकूद गतिविधियां आयोजित होंगी। जिला कलेक्टर से समन्वय कर मानव श्रृंखला बनाने का भी आह्वान किया गया है। बैंकों को सीएसआर गतिविधियों के जरिए जोड़ा जाएगा।

स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और प्रतिष्ठित हस्तियों से जागरूकता संबंधी अपील बनाई जाएगी।

इस अभियान में साइबर जागरूकता प्रतिज्ञा भी दिलाई जाएगी जो आज के डिजिटल खतरों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है।

---

# जयपुर जेल में बंदियों को नशे की दवाइयां सप्लाई करने वाले गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

बिंदायका थाना पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत एक कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपित जेल में बंदियों को नशे की दवाइयां सप्लाई करते थे। इनमें से एक अस्पताल का नर्सिंग ऑफिसर और दूसरा सजायाफ्ता बंदी है। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर (पश्चिम) डीसीपी हनुमान प्रसाद ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत एक कार्रवाई करते हुए जेल में बंदियों को नशे की दवाइयां सप्लाई करने वाले गोगराज गढ़वाल निवासी गोविंदगढ़ जिला जयपुर हाल केंद्रीय कारागार जयपुर और राजकुमार जाट निवासी राजगढ जिला चुरू हाल नर्सिंग ऑफिसर द्वितीय ग्रेड कारागार जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि इस गिरोह से जुड़े आरोपी इन टैबलेट्स और कैप्सूल को बाजार में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं।



पहले जेल में रहने के दौरान जेल के नर्सिंग ऑफिसर राजकुमार से इनकी पहचान हो गई थी। इन्होंने जेल में बंदियों को ज्यादा मूल्य लेकर नशीली दवाइयां सप्लाई करने की साजिश रची। जिसमें नर्सिंग ऑफिसर राजकुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। उसने अपने पद का फायदा उठाकर इस खेल में मुख्य भूमिका निभाई और अवैध तरीके से नशीली दवाइयां जेल में मोटे मुनाफे पर सप्लाई करने लगा। गौरतलब है कि इससे पहले भांकरोटा थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को नशीली दवाइयों और कैप्सूल के साथ पकड़ा था।

इस मामले में जांच पडताल बिंदायका थाना पुलिस कर रही थी। जहां जांच पड़ताल में सामने आई जानकारी के बाद थानाधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में गढ़वालों की ढाणी (जयपुर) निवासी गोगराज गढ़वाल को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया।

---

### डॉ. पूर्णिमा वोरि़या बनीं राजस्थान फाउंडेशन के न्यूयॉर्क चैप्टर की अध्यक्ष



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

प्रवासी राजस्थानी समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करने और राजस्थान के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के उद्देश्य से राजस्थान फाउंडेशन ने न्यूयॉर्क (अमेरिका) चैप्टर की नई अध्यक्ष के रूप में डॉ. पूर्णिमा वोरि़या को नियुक्त किया है।उन्होंने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।डॉ. वोरि़या ने कहा कि वे इस दायित्व को नैतिक–पारदर्शी और सक्रिय तरीके से निभाएंगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे न्यूयॉर्क तथा संपूर्ण अमेरिका में बसे प्रवासी राजस्थानी संगठनों और व्यक्तित्वों के साथ सशक्त समन्वय स्थापित करेंगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान फाउंडेशन, नेशनल यूएस-इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स ( एनयूआईसीसी) और अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ मिलकर विभिन्न सामाजिक और आर्थिक विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह नियुक्ति राजस्थान फाउंडेशन द्वारा प्रवासी राजस्थानियों के वैश्विक नेटवर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### जेल में बंदी ने जमीन में मोबाइल फोन और इयरफोन रखे थे गाड

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जयपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल फोन मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार अचानक सघन तलाशी के दौरान जेल में मोबाइल फोन बरामद हुआ है। जिसे बंदी ने शौचालय के पास जमीन में मोबाइल फोन और इयरफोन गाड रखा था। बंदी की निशानदेही पर जेल प्रशासन ने मोबाइल और ईयर फोन बरामद किया है। साथ ही बंदी के खिलाफ जयपुर के लाल कोठी थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। जांच अधिकारी सहायक पुलिस उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि सेंट्रल जेल के जेल प्रहरी मुनेश गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया है कि जेल में जेल अधीक्षक के नेतृत्व में सघन तलाशी अभियान चलाया गया था। जहां वार्ड नंबर 4 में सघन तलाशी के दौरान उपचार लेने आए बंदी आनंदीलाल उर्फ नंदलाल की तलाशी ली गई। सख्ती से पूछताछ करने पर बंदी ने मोबाइल फोन होना बताया। बंदी के बताए अनुसार जेल अस्पताल के पीछे बने शौचालय के पास जमीन में गड़ा हुआ एक मोबाइल फोन और एक इयर फोन बरामद हुआ। बंदी के खिलाफ राजस्थान प्रिजन्स एक्ट की धारा 42 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया।

---

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्यवाही

# गर्ल्स पीजी की रसोई में मिली कई अनियमितताएंः स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करवाया किचन कार्य बन्द




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी.शुभमंगला के निर्देश पर कार्यालय में दर्ज शिकायत पर डॉ मनीष मित्तल (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय) के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव,अवधेश गुप्ता व नन्द किशोर कुमावत की टीम ने प्रताप नगर के सेक्टर 11 में संचालित श्री राधे कृष्णा गर्ल्स पीजी की रसोई का निरीक्षण इस फर्म के केयरटेकर रोहित शर्मा की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान अनेक अनियमितताएं एवं कमियां पाई गई। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अनुसार पीजी में संचालित रसोई घर के लिए अनिवार्य फूड लाइसेंस के बिना संचालित किया जा रहा था। रसोई में चूहे घूमते पाए गए और चूहों का मल- मूत्र पड़ा मिला। रसोई का कमरा पूर्णतः तरह कवर्ड नहीं था । इस कारण इसमें चूहों, कॉकरोच आदि का प्रवेश होता हुआ मिला। इसके अलावा खाना पकाने के लिए प्रयुक्त किया जा रहे पानी की टेस्ट रिपोर्ट भी नहीं पाई गई। फर्म के किचन में कार्यरत स्टाफ ने ग्लव्ज, मास्क आदि निर्धारित ड्रेस नहीं पहन रखी थी।

इनका किसी तरह का मेडिकल फिटनेस , हेल्थ सर्टिफिकेट भी नहीं पाया गया। जो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमानुसार अनिवार्य होता है। रसोई का ड्रेनेज सिस्टम भी मानक के अनुरूप नहीं पाया गया । किचन में सडी गली सब्जियां मिली, जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवा कर ताजा सब्जियां प्रयोग करने के लिए हिदायत दी गई है। रसोई में खाना पकाने का एक चूल्हा और बर्तन बिल्कुल खुली छत पर पाया गया,जहां बंदरों ने डेरा जमा रखा था। इन कमियों के मध्यनजर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय के निर्देशानुसार फूड लाइसेंस जारी नहीं होने एवं उक्त कमियों को दुरुस्त करने तक किचन का कार्य तुरंत प्रभाव से बंद करवाया गया। फर्म को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### सीएम भजनलाल के सूरत प्रवास कार्यक्रम में भाग लेगे राजू मंगोड़ी वाला

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सूरत प्रवास पर राजस्थान फाउंडेशन के बैनर में आयोजित प्रवासी व व्यापारिक तथा सामाजिक संगठनों की बैठक में भाग लेने के लिए भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व जयपुर ज्वैलर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी राजू मंगोड़ी वाला सूरत जाएगे। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आमंत्रित कर भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के पूर्व प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ी वाला सूरत में रह रहे राजस्थानियों से संवाद कर एकजुटता से रहने व निवेश के लिए प्रेरित करेंगे । उल्लेखनीय है कि प्रवासी प्रकोष्ठ में रहकर कैट के प्रदेश अध्यक्ष राजू मंगोड़ी वाला ने देश विदेश में संगठन व भाजपा सरकार के कार्यक्रमों में अनूठी भागीदारी निभाई है । मंगोड़ी वाले ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सूरत यात्रा से राजस्थान प्रवासियों में भारी उत्साह है और मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत सत्कार के लिए सूरत निवासी राजस्थानी इंतजार कर रहे है ।

---

# कांताराः चैप्टर 1 की बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई जारी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी जबरदस्त कमाई जारी रखी है। कांतारा चैप्टर 1 भारत और विदेशों में हाउसफुल रही। 2022 की ब्लॉकबस्टर फिल्म की यह बहुप्रतीक्षित प्रीक्वल देशभर के सिनेमाघरों में धूम मचा रही है, जिसके धीमा पड़ने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।दशहरा पर अपनी शानदार रिलीज़ के बाद फ़िल्म को असाधारण प्रतिक्रिया मिली है और तब से इसने अपनी गति को मजबूती से बनाए रखा है। फिल्म का चार दिनों का कलेक्शन बेहद प्रभावशाली रहा है और इसने 235 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है, जबकि नाइट शो के आंकड़े उपलब्ध होने के बाद अंतिम कलेक्शन में और वृद्धि होने की भी संभावना है।

फ़िल्म को विभिन्न विदेशी बाजारों में भी बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत, कांतारा- चैप्टर 1 उस गहन लोककथा की गहराई में उतरती है जिसने मूल कांतारा को एक सांस्कृतिक घटना बना दिया। 2022 में आई इस फिल्म की घटनाओं से एक हज़ार साल पहले की कहानी, जिसने 100 करोड़ रुपये के मामूली बजट पर 400 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई की और दुनिया भर में 15 करोड़ रुपये की कमाई की, यह नया अध्याय इसके रहस्यमय और आध्यात्मिक ब्रह्मांड की उत्पत्ति की पड़ताल करता है।

कांतारा- चैप्टर 1 एक आदिवासी समुदाय और एक ज़ालिम राजा के बीच संघर्ष को दर्शाते हुए, संरक्षक देवता पांजुरली दैव की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों दोनों से खूब प्रशंसा मिल रही है, कई लोगों ने इसे एक सिनेमैटिक मास्टरपीस बताया है। इस फ़िल्म में रुक्मिणी वसंत, जयराम और गुलशन देवैया भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जो इस महाकाव्य कथा में गहराई और आयाम जोड़ते हैं। अपनी रोमांचक कहानी कहने, लुभावने दृश्यों और भावनात्मक रूप से भरे प्रदर्शनों के साथ, कांतारा- चैप्टर 1 दर्शकों के साथ मज़बूती से गूंजी है। फ़िल्म में लोककथाओं, श्रद्धा और सिनेमैटिक भव्यता के मिश्रण ने इसे विभिन्न दर्शकों के साथ जुड़ने में मदद की है। भारत भर के प्रदर्शकों ने सप्ताह के दिनों में भी हाउसफुल स्क्रीनिंग की सूचना दी है, जो फ़िल्म की लगातार लोकप्रियता को दर्शाता है।

### बारिश की गतिविधियों में कमी आने के साथ ही गुलाबी सर्दी की हुई आहट

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

प्रदेश में अब बारिश की गतिविधियों में कमी आने के साथ ही गुलाबी सर्दी की आहट नजर आएगी। मंगलवार को जयपुर सहित करीब आधा दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बादल छाए रहने के साथ हवाएं चलने से प्रदेश के मौसम में 2 से 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर में दिनभर छितराए व काले बादल नजर आए। सांगानेर व उसके आस-पास कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। जयपुर के दिन के तापमान में 5 डिग्री का उछाल तो वहीं रात के पारे में 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री दर्ज किया गया। सांगानेर में 0.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। जयपुर के अलावा संगरिया, अजमेर सहित कुछ अन्य स्थानों पर बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 8 अक्टूबर से आगामी एक सप्ताह के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा।

### एसएमएस हॉस्पिटल अग्निकांडः राजस्थान कांग्रेस अभाव अभियोग प्रकोष्ठ ने चिकित्सा मंत्री खींवसर की शव यात्रा निकाला मांगा इस्तीफा




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

एसएमएस हॉस्पिटल में हुई दुर्भाग्यपूर्ण आगजनी में सरकार की लापरवाही के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अभाव अभियोग प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष योगिता पंकज काकू शर्मा के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की शव यात्रा निकालकर सरकार के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया।प्रदर्शन के दौरान प्रकोष्ठ ने मांग की कि मृतकों के परिजनों को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए और इस गंभीर लापरवाही की जिम्मेदारी लेते हुए मंत्री खींवसर तुरंत इस्तीफा दें। इस विरोध कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष योगिता पंकज काकू शर्मा के साथ पदाधिकारी कैलाश जांगिड़, नंदकिशोर कोली, सवाई सिंह राठौड़, विजय सिंह राघव, राजेंद्र शर्मा, जगदीश पोसवाल, शगुन मावर, मोहम्मद ताहिर, महेश जी सांवरिया, अजय जांगिड़, लेखराज पाल, बनवारी लाल सैनी, मोनू शर्मा(दुर्गापुरा), राजेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा बैनाड़ा, शंभू दयाल सैनी, मुकेश चौधरी, दीपेंद्र सिंह, अशफाक खान और रामजी लाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रकोष्ठ ने चेतावनी दी है।

## दौसा जेल में अवैध कॉलिंग पर लगामः टीएचसीबीएस टावर लगाने का कार्य प्रारंभ

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राज्य की एकमात्र विशिष्ट केंद्रीय कारागृह श्यालावास (दौसा) में मंगलवार से टीएचसीबीएस टावर लगाने का कार्य प्रारंभ हो गया। इस अत्याधुनिक तकनीकी प्रणाली का उद्देश्य जेल के अंदर से अवैध मोबाइल कॉलिंग, इंटरनेट कॉलिंग और बाहरी आपराधिक नेटवर्क से संपर्क को पूर्णतः रोकना है। जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि इस परियोजना के तहत पहले सिविल वर्क का कार्य किया जाएगा। जिसमें टावर की नींव और आवश्यक ढाँचा तैयार किया जाएगा। इसके बाद टॉवर पर मोबाइल नेटवर्क सेवा प्रदाताओं के सिग्नल-ब्लॉकिंग सिस्टम स्थापित किए जाएँगे। यह प्रणाली विभिन्न मोबाइल कंपनियों के नेटवर्क फ्रीक्वेंसी को नियंत्रित कर जेल परिसर के भीतर कॉल और डेटा ट्रांसमिशन को प्रभावी रूप से ब्लॉक करेगी। इससे जेल के अंदर मोबाइल फोन का कोई भी दुरुपयोग या नेटवर्क सिग्नल प्राप्त करना संभव नहीं रहेगा। इस कार्यवाही लगभग 3 से 4 माह का समय लगेगा । जांगिड़ ने बताया कि राज्य सरकार की पहल पर यह तकनीक जेलों में अपराध और बाहरी नेटवर्क के गठजोड़ को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।अक्सर देखा गया है कि कैदी चोरी-छिपे मोबाइल फ़ोन का उपयोग कर बाहरी अपराधियों से संपर्क बनाए रखते हैं, जिससे गंभीर अपराधों की साजिशें जेल के अंदर से ही संचालित होती हैं। अब टीएचसीबीएस प्रणाली के सक्रिय होने से ऐसे सभी प्रयासों पर सख्ती से अंकुश लगेगा।जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि यह तकनीकी प्रणाली न केवल सुरक्षा को मजबूत करेगी, बल्कि कारागार प्रशासन को अधिक पारदर्शी, अनुशासित और जवाबदेह बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## ऑनलाइन मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

आदर्श नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व ने कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन मादक पदार्थ (स्मैक) की सप्लाई करने वाले एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपित तस्कर के पास से 16 ग्राम स्मैक बरामद की। जिसकी वह डिलीवरी करने जा रहा है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपित के पास से (दुपहिया ) एक बाइक भी जब्त की है। जिसका उपयोग स्मैक डिलीवरी के लिए किया करता था। फिलहाल आरोपित से पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर(पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि जयपुर शहर में कमिश्नरेट की ओर से चलाये जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत डीएसटी पूर्व और आदर्श नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जयपुर में नशे की सप्लाई करने वाले एक शातिर तस्कर नीरज (24) निवासी कठपुतली नगर कच्ची बस्ती ज्योति नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान तस्कर नीरज के पास से 16 ग्राम स्मैक व परिवहन में प्रयुक्त वाहन बुलेट बाइक को जब्त किया।

**जवाहर कला केंद्र : लोकरंग समारोह का हुआ भव्य शुभारंभ**

# देश की लोक विविधता के संग सजा राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह, राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में अवॉर्डी दस्तकारों के अद्भुत उत्पादों की प्रदर्शनी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जवाहर कला केंद्र में सोमवार शाम 28वें लोकरंग महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। लोक संस्कृति, लोक नृत्य और लोक कला के इस उत्सव की शुरुआत शिल्पग्राम में पारंपरिक ध्वज फहराकर की गई। शिल्पग्राम के मुख्य मंच पर कला, साहित्य, संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री राजेश यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में, और रूडा के चेयरमैन श्री हेमंत कुमार गेरा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में ध्वज फहराकर महोत्सव का उद्घाटन किया।

इस मौके पर केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक सुश्री प्रियंका राठौड़, अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कलाकार व दस्तकार मौजूद रहे। लोकरंग महोत्सव 17 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इसमें प्रातः 11 से रात्रि



10 बजे तक शिल्पग्राम में हस्तशिल्प मेला लगेगा, यहां मुख्य मंच पर शाम 6:30 बजे से लोक कला प्रस्तुति होगी, रात्रि 8:00 से लोक जागरण का आयोजन होगा। मध्यवर्ती में शाम 7 बजे से विभिन्न राज्यों के कलाकार लोक गायन, वादन और नृत्य के साथ लोक संस्कृति की छटा बिखेरेंगे।

इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने कहा कि लोक संस्कृति हमारी पहचान है, और यही पहचान आज से अगले 11 दिनों तक जवाहर कला केंद्र जीवंत हो रहेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार लगातार लोककला को नई पहचान और मंच प्रदान कर रही है ताकि हर कलाकार को सम्मान, हर परंपरा को स्थान और हर दर्शक को गर्व का अनुभव हो। जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका राठौड़ ने कहा कि लोकरंग महोत्सव हमारे देश की लोक संस्कृति, परंपरा और सृजनशीलता का सजीव उत्सव है।

**'मध्यवर्ती के मंच पर राष्ट्रीय लोक नृत्य की छटा ने बाँधा समां'** मध्यवर्ती के मंच पर सोमवार शाम राष्ट्रीय लोक नृत्य की ऐसी छटा बिखरी कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। देश के विभिन्न राज्यों की समृद्ध लोकनृत्य परंपराओं की झलकियों ने सभागार को तालियों की गूंज से भर दिया। शाम की शुरुआत राजस्थान की शुभ मंगलकामना से जुड़ी पारंपरिक मांगलिक चरी नृत्य की मोहक प्रस्तुति से हुई। इसके बाद जम्मू-कश्मीर की वादियों की रौनक लिए रउफ नृत्य ने मंच पर आकर्षण बिखेरा। असम के उल्लास से सराबोर बीहू ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उत्तराखंड की पर्वतीय मिठास से भरे थडिया नृत्य और हरियाणा के रोमांचक बीन सपेरा नृत्य ने अपनी अदाओं और लय से तालियाँ बटोरीं। हिमाचल प्रदेश की सिरमौरी नाटी ने पहाड़ी लोकजीवन का मनमोहक चित्र प्रस्तुत किया। राजस्थान की प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य शैली में पद्मश्री गुलाबो सपेरा की जीवंत प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उत्साह से भर दिया।

समापन में पंजाब के ऊर्जावान भांगड़ा ने ऐसा जोश भरा कि दर्शक भी थिरकने लगे। विभिन्न राज्यों के कलाकारों की इन सजीव प्रस्तुतियों ने लोकरंग के मध्यवर्ती मंच को विविधता, उमंग और लोकसंस्कृति की समृद्ध परंपरा के रंगों से सराबोर कर दिया।


## जयपुर पुलिस कमिश्नर नौ अक्टूबर को विश्वकर्मा थाने में करेंगे जनसुनवाई




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ नौ अक्टूबर (गुरुवार) को शाम चार बजे शात सात तक पुलिस थाना विश्वकर्मा में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा, पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर–द्वितीय, सहायक पुलिस आयुक्त चौमू, झोटवाड़ा एवं शास्त्री नगर एवं संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पुलिस थाना चोमू, दौलतपुरा, हरमाड़ा, विश्वकर्मा, मुरलीपुरा, झोटवाड़ा एवं विद्याधर नगर क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर की ओर से शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रताप नगर (जयपुर पूर्व), जयसिंह पुरा खोर (जयपुर उत्तर) जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व), वैशाली नगर (जयपुर पश्चिम), मुहाना (जयपुर दक्षिण), आमेर (जयपुर उत्तर) महेश नगर (जयपुर दक्षिण), जामडोली (जयपुर पूर्व), झोटवाड़ा (जयपुर पश्चिम), श्याम नगर (जयपुर दक्षिण), सांगानेर सदर (जयपुर दक्षिण) एवं खोह नागोरियान (जयपुर पूर्व) में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

# जर्जर भवनों पर हेरिटेज निगम की कार्रवाई : तीन जर्जर भवन जेसीबी की सहायता से किए ध्वस्त





■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

परकोटे में जर्जर हो रहे भवनों पर हेरिटेज निगम की कार्रवाई जारी है। मंगलवार को हेरिटेज निगम के किशनपोल जोन इलाके में तीन जर्जर भवन को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। ये तीन जर्जर भवन राम लला जी का रास्ता, ठठेरों का रास्ता और जय लाल मुंशी जी के रस्ते में थी।

सबसे ज्यादा दिक्कत जय लाल मुंशी जी के रस्ते में तीन मंजिला बड़ी इमारत में थी। यहां इमारत अत्यधिक जर्जर हो चुकी थी। इसके ध्वस्त करने में आस पास के मकान और आमजन के लिए खतरा हो रहा था। सबसे ज्यादा दिक्कत जय लाल मुंशी जी के रस्ते में तीन मंजिला बड़ी इमारत में थी। यहां इमारत अत्यधिक जर्जर हो चुकी थी। इसके ध्वस्त करने में आस पास के मकान और आमजन के लिए खतरा हो रहा था। ऐसे में जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी और किशनपोल जोन के इंजीनियर विंग ने तकनीक और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए जेसीबी की मदद से तीन मंजिला भवन को ढहा दिया।

इस दौरान आस पास की दुकानों और रास्ते को बैरिकेडिंग कर बंद करा दिया गया। जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि मंगलवार को गई कार्रवाई में तीन भवनों के जर्जर हिस्से को ध्वस्त किया है। कारवाई के दौरान निगम इंजीनियर लक्ष्मी नारायण मीणा, विजेंद्र मीणा और राजस्व अधिकारी प्रशांत लखन सहित सतर्कता शाखा के जवान मौजूद रहे।

अब तक 20 जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा चुकी है। जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि मंगलवार को गई कार्रवाई में तीन भवनों के जर्जर हिस्से को ध्वस्त किया है। कारवाई के दौरान निगम इंजीनियर लक्ष्मी नारायण मीणा, विजेंद्र मीणा और राजस्व अधिकारी प्रशांत लखन सहित सतर्कता शाखा के जवान मौजूद रहे। अब तक 20 जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा चुकी है। अभी जोन के इंजीनियर अन्य जर्जर भवनों का निरीक्षण कर रहे है। जरूरत पड़ने पर आगे भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी।

**'यहां यहां की कार्रवाई'**

**जौहरी बाजार स्थित राम लला जी के रास्ते में एक मंजिला जर्जर इमारत**

**चौड़ा रास्ता स्थित ठठेरों के रस्ते में दो मंजिला मकान**

**चांदपोल बाजार में जय लाल मुंशी जी का रास्ते में तीन मंजिला भवन**

**'ऐसे की तीन मंजिला जर्जर इमारत'**किशनपोल जोन के सहायक अभियंता लक्ष्मी नारायण मीणा ने बताया कि जय लाल मुंशी जी के रास्ते में तीन मंजिला जर्जर इमारत को ध्वस्त करने में अन्य मकानों को नुकसान होने का अंदेशा था।

ऐसे में भवन के एक हिस्से की जर्जर दीवार को मजदूरों से ध्वस्त कराया,इसके बाद जेसीबी की सहायता से भवन के दोनों कोण में दीवारों को गिराया, फिर बीच में दीवार को किनारे से हटा दिया, जिससे तीन मंजिला भवन अपनी जगह पर ही ध्वस्त हो गई। इस दौरान आस पास के बाजार को बंद करा लोगों को हटा दिया, साथ ही इलाके की बिजली को भी बंद करा दिया गया।

## पवित्र कार्तिक माह शुरू:गोविंद देवजी मंदिर में महिलाओं ने किया दीपदान



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

पवित्र कार्तिक माह मंगलवार से शुरू हो गया। यह पांच नवंबर तक रहेगा। जिसके चलते मंगलवार सुबह पूर्णिमा तिथि होने के कारण कई लोग बुधवार से कार्तिक से जुड़ी विशेष पूजा-अनुष्ठान शुरू करेंगे। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में शरद पूर्णिमा से ही कार्तिक माह की शुरुआत मानी जाती है। ऐसे में मंगलवार को मंगला झांकी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। जैसे ही पट खुले तो मंदिर परिसर राधे राधे से गूंज उठा। दर्शन कर श्रद्धालुओं ने संकीर्तन करते हुए परिक्रमा की। महिलाओं ने दीपदान भी किया। सुबह की अन्य झांकियों में भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला।

दूरस्थ स्थानों से आए महिलाओं के समूह ने गोविंद देवजी की सातों झांकियां की। मंगला से शयन झांकी तक महिलाएं गोविंद मंदिर परिसर के आसपास रही। खाली समय भजन गाने और कीर्तन करने में गुजारा। गोविंद देवजी के दर्शन कर ज्यादातर श्रद्धालुओं ने चौड़ा रास्ता के राधा दामोदर जी, पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ जी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। इन मंदिरों में श्रद्धालुओं के कई समूह हरिनाम संकीर्तन करते हुए दर्शन करने भी पहुंचे। गोपीनाथ जी मंदिर में महिला मंडल की ओर से सुबह-शाम भजन गायन भी हुआ। उल्लेखनीय है कि कार्तिक माह में भजन-कीर्तन, स्नान, दान, गंगा पूजन, दीपदान और तुलसी पूजन पर जोर रहता है। श्रद्धालुओं ने मंदिरों के बाहर बैठे याचकों को फल, बिस्किट सहित अन्य खाद्य सामग्री बांटी।

**'गलता जी में लगाई डुबकी'** बड़ी संख्या में श्रद्धालु गलता जी पहुंचे और तारों की छांव में ही आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गलता परिसर स्थित देवालयों के दर्शन किए और स्वामी अवधेशाचार्य महाराज से आशीर्वाद लिया।

कार्तिक माह में भारी संख्या में लोगों के स्नान करने आने की सूचना से प्रशासन सतर्क नजर आया।

**'शाम को किया दीपदान'** कार्तिक माह में दीपदान की परंपरा है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दर्जन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य तेल व मिठाइयों के लिए नमूने



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत दीपावली के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के क्रम में सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने जोबनेर कस्बे के मुख्य बाजार में एक दर्जन दुकानों का निरीक्षण कर पांच नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि टीम द्वारा आनंद ट्रेडिंग से बीकानेरी गोल्ड ब्रांड का मूंगफली तेल का सैंपल लिया। बस स्टैंड स्थित मैसर्स हरिओम जोधाणा मिष्ठान भंडार से मोतीचूर लड्डू, मैसर्स जोबनेर स्वीट होम से बर्फी मावा मिठाई,नया बाजार से मैसर्स पन्ना मिष्ठान भंडार से मिश्री मावा, मैसर्स शिव शक्ति मिष्ठान भंडार से मावा मिठाई के सैंपल लिए जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। मिठाई विक्रेताओं को मिठाइयां तैयार करने में शुद्ध खाद्य सामग्री उपयोग में लेने, खाद्य सामग्री को ढक कर रखने,सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।

## जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टोंक टीम ने कार्रवाई करते हुए पंचायत समिति अलीगढ़ जिला टोंक के जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट (जेटीए संविदाकर्मी ) विक्रम कुमावत को पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी की टोंक टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके पिताजी का नाम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत वर्ष 2022-2023 में खेत पर मेंढबन्दी,तालाब की पाल मिट्टी बालना, बागवानी, पशु आश्रय निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत हुआ था। जिसमे से कुछ कार्य हो चुका है तथा कुछ कार्य शेष है। 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक हुये कार्य की गस्टरोल भरी जा चुकी थी। लेकिन जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट (जेटीए संविदाकर्मी ) विक्रम कुमावत की ओर से माप पुस्तिका (एम.बी.) भरने की एवज में 18 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है।

जिस पर तीन अक्टूबर को सत्यापन के दौरान जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट द्वारा 18 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर परिवादी द्वारा कम करने की कहने पर 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जाकर रिश्वत देने पर परिवादी का काम करने के लिए कहां।

# शरद पूर्णिमा महोत्सव 2025 : आयुर्वेद और आध्यात्म का संगम

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के आरोग्य प्रकल्प की ओर से आयोजित शरद पूर्णिमा महोत्सव के माध्यम से हजारों लोगों को स्वास्थ्य और आध्यात्मिक लाभ प्रदान किया। इस वर्ष भी यह महोत्सव भारत के विभिन्न हिस्सों में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्राचीन भारतीय आयुर्वेद के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना और शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना था। आयुर्वेदिक औषधियों से तैयार की गई विशेष खीर का वितरण इस महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहा। आयुर्वेद के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात में




चंद्रमा की किरणों में औषधीय गुण होते हैं। इस दिन चांदनी में रखी गई खीर का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक होता है। चंद्रमा की किरणों में रखी इस खीर का सेवन न केवल शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और पूरे परिवार के लिए स्वास्थ्यवर्धक है।जिन लोगों को श्वास संबंधी समस्याएं, दमा, पुरानी खांसी, नजला या अन्य श्वास रोग हैं, उनके लिए विशेष रूप से तैयार की गई औषधीय खीर वितरित की गई। इसमें आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का मिश्रण होता है, जो श्वास संबंधी रोगों में राहत प्रदान करती है और उनके लिए एक सर्वोत्तम चिकित्सा उपाय के रूप में कार्य करती है।

**'महोत्सव के प्रमुख आकर्षण'** विशेष शरद पूर्णिमा खीर का वितरण: उपस्थित सभी लोगों ने इस खीर का सेवन कर ताजगी, ऊर्जा और स्वास्थ्यवर्धक लाभों का अनुभव किया। औषधीय खीर का वितरण: हजारों लोगों ने औषधीय खीर का सेवन किया और इसके लाभों का अनुभव किया। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर: आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को परामर्श दिया। धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम: भजन, कीर्तन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया। योग और ध्यान सत्र: योग और ध्यान सत्रों ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद की। महोत्सव में आए लोगों ने इस आयोजन की बहुत प्रशंसा की।

## एरिया डोमिनेशन अभियान: पुलिस ने 239 संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर लिया 156 संदिग्धों को हिरासत में

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट की जिला पश्चिम पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत अपराधियों के ठिकानों पर दबिश दी। इस एरिया डोमिनेशन अभियान में 58 टीमें बनाई गईं। जिनमें 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल थे। कई बदमाशों को उनके घर और अन्य ठिकानों से डिटेन कर पुलिस टीम थाने लेकर आई।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद यह सर्च अभियान चलाया गया। पश्चिम जिले की सभी पुलिस टीम इस अभियान का हिस्सा बनी। जहां बदमाशों के ठिकानों और रहने की जगहों पर यह छापेमारी की गई। जिसमें पुलिस ने 239 संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की और 156 संदिग्धों को हिरासत में लिया। इसके अलावा 20 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया और आबकारी अधिनियम के तहत 8 मामले दर्ज कर 19 लोगों को पकड़ा गया। डीसीपी पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि यह अभियान पुलिस मुख्यालय के आदेशों के तहत चलाया गया।

# ऊंट परिवहन को लेकर नए नियमों का नोटिफिकेशन जारीः अब एसडीओ व मेला अधिकारी भी जारी कर सकेंगे विशेष परमिट

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान से ऊंटों को अन्य राज्यों में ले जाना अब और भी आसान हो गया है। इसके लिए पशुपालन विभाग ने पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत से नियमों की स्वीकृति लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अब ऊंट पालकों को निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से ऊंट ले जाने की अनुमति होगी। कुमावत ने कहा कि राजस्थान ऊंट ( वध का प्रतिषेध और अस्थायी प्रव्रजन या निर्यात का विनियमन ) अधिनियम, 2015 में ऊंट को चराई, खेती डेयरी और पशु मेलों में भाग लेने के लिए राज्य से बाहर ले जाने का प्रावधान है। वर्तमान में इस अधिनियम के लगभग 10 वर्ष बाद नियम बनाए गए हैं, जिससे संबंधित कलेक्टर से परमिट/ विशेष परमिट लेकर ऊंटों को उपरोक्त कार्यों के लिए राजस्थान से बाहर ले जाया सकेगा। परमिट/विशेष परमिट जारी करने की



शक्तियां उपखण्ड अधिकारी तथा राज्य स्तरीय पशु मेलों के दौरान मेला प्रभारी अधिकारी को दी जाएंगी। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि अब ऊंट को राजस्थान से बाहर भी काम के संबंध में ले जाया जा सकेगा। नए नियमों में कुछ नई शर्तें जोड़ी है और उसके आधार पर ऊंट को ले जाने की अनुमति दी जा सकेगी। इसके लिए आगामी दिनों में जिला कलेक्टर के अलावा एसडीओ भी परमिट जा कर सकेंगे।

वहीं राज्यों में निर्यात के प्रयोजन के लिए ऊंट के अस्थाई प्रव्रजन पर सरकार से परमिशन लेनी होगी। देशभर के कई स्थानों पर जो पशु मेले लगते हैं, उसमें भी ऊंट को राज्य से बाहर ले जाया जा सकेगा। हालांकि इसके लिए परमिशन लेने की जरूरत होगी और फिर निश्चित समय तक ऊंट को राज्य में वापस भी लाना होगा। मेलों के समय पशुपालन विभाग के मेला प्रभारी अधिकारी भी सक्षम अधिकारी के तौर पर ऊंट को अन्य राज्य में भेजने के लिए सशर्त परमिट जारी कर सकेंगे। साथ ही कृषि कार्यों, डेयरी उद्योग एवं अभावग्रस्त क्षेत्रों से चराई के प्रयोजन के लिए ऊंट को राज्य से बाहर ले जाना संभव हो सकेगा। सक्षम अधिकारी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह ऊंट की संख्या के वास्तविक रूप का अवश्य ध्यान रखें कि उसमें कोई कमी ना आ पाए। कुमावत ने बताया कि इस नियम के उल्लंघन पर राजस्थान ऊंट (वध का प्रतिषेध और अस्थायी प्रव्रजन या निर्यात का विनियमन) अधिनियम, 2015 के तहत ऊंट के वध करने अथवा वध के प्रयोजन के लिए राज्य के बाहर निर्यात करने पर 5 साल तक कठोर कारावास और 20 हजार रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।

## हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा बदमाश गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपित एसएमएस में परिचित का उपचार कराने के लिए आया हुआ था। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पकडा। गिरफ्तार आरोपित दौसा जिले का हिस्ट्रीशीटर है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे बदमाश महेश कुमार मीणा निवासी नादोती जिला करौली को गिरफ्तार किया है। जो दौसा जिले का हिस्ट्रीशीटर है। थानाधिकारी विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि योग वीर सिंह ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 23 जुलाई को वह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ एमएस धोनी एकेडमी के पास थे। तभी हिस्ट्रीशीटर महेश कुमार ने तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप से उनकी पत्नी को टक्कर मार दी। इस टक्कर से उसकी पत्नी के दोनों पैरों और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। बोलेरो में तीन लोग सवार थे। टक्कर मारने के बाद बदमाश धमकी देर गाड़ी लेकर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित महेश की तलाश शुरू की। पुलिस ने बोलेरो के मालिक रमेश चंद यादव से पूछताछ की। जिसने बताया कि उसकी वह गाड़ी महेश कुमार चलाता था। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन हिस्ट्रीशीटर महेश फरार था। मुखबिर की मदद से पुलिस ने उसे सवाई मानसिंह अस्पताल से गिरफ्तार किया है।

गैस सिलेंडर के फटने के बाद सिलेंडर के टुकड़े दूर-दूर तक फैले, सात गाड़ियां चपेट में आने की सूचना

# एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक लगी आग: एक के बाद एक सिलेंडर फटते रहे

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



जयपुर ग्रामीण जिले के मौजमाबाद थाना इलाके के जयपुर-अजमेर हाईवे पर मंगलवार देर रात को उस समय हडकंप मच गई,जब एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इसके बाद गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक पलट गया और फिर ट्रक में आग लगने से एक-एक सिलेंडर फटते गए। बताया जा रहा है कि सिलेंडर ब्लास्ट के बाद दूर-दूर तक खेतों में सिलेंडर गिर रहे हैं। इस धमाकों की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इस हादसे में आसपास चल रहे वाहनों के भी चपेट में आने की आशंका है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों तरफ का ट्रैफिक रोक दिया है। वहीं मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। दूदू एएसपी शिवलाल बैरवा ने बताया कि यह हादसा जयपुर-अजमेर हाईवे के मौजमाबाद क्षेत्र में सावरदा पुलिया के पास हुआ है। वहीं पुलिस के साथ ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचे हैं। बचाव एवं राहत कार्य चलाया जा रहा है। पुलिस ने एहतियातन हाईवे पर आने-जाने वाले वाहनों को डायवर्ट कर दिया है ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस हादसे में अन्य वाहन भी वाहन आग की चपेट में आए हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन पुलिस और राहत दल मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है क्योंकि ट्रक में बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर लदे हुए थे। हादसे के चलते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई. पुलिस ने यात्रियों से वैकल्पिक मार्ग अपनाने और फिलहाल इस रूट पर अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

**'सात गाड़ियां भी आई चपेट में'** आग में हाईवे पर सात गाड़ियां जल गई हैं। इसके अलावा सिलेंडर में ब्लास्ट से हाईवे से गुजर रहे कई लोग घायल हो गए।

**'सिलेंडर के टुकड़े दूर-दूर तक फैले'**घटना के बाद आस-पास के इलाकों में दहशत फैल गई। सिलेंडर के धमाकों से पूरा इलाका गूंज रहा था। एक-एक कर गैस सिलेंडर के फटने के बाद सिलेंडर के टुकड़े दूर-दूर तक फैल गए। धमका इतना जबरदस्त था कि दस किलोमीटर तक इसकी आवाज लोगों को सुनाई दे रही थी। अभी इस मामले में पुलिस की तरफ से कुछ सूचना नहीं मिली है। वहीं कितने लोग इस घटना में हताहत हुए हैं। इस बारे में जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन इलाके में अफरा-तफरी मची है। वहीं मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई है। जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी मौके पर पहुंचे है।

**'ड्राइवर-खलासी के जिंदा जलने की आशंका'** हादसे के बाद जल रहे ट्रक के ड्राइवर-खलासी लापता हैं। दोनों का अभी पता नहीं लग रहा है। उनकी तलाश की जा रही है। वहीं हाइवे पर गुजर रहे वाहन चालक और आसपास के लोग तुरंत गाड़ियों को रोककर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। घटनास्थल पर धुएं का घना गुबार छा गया, जिससे हाइवे पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

**'मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिए जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को सतर्कता बरतने के निर्देश'**इधर दूदू सावरदा सिलेंडर फटने की घटना पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताते हुए जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा वहीं डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा मौके पर पहुंचे है। हालांकि उन्होंने जानकारी दी है कि केवल ट्रक चालक हताहत हुए हैं। लेकिन अन्य किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। हादसे में घायलों को एसएमएस अस्पताल लाया जा रहा है।

राज्य सरकार का संकल्प- सशक्त किसान, आत्मनिर्भर महिला

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला कृषकों का हो रहा सशक्तीकरण -महिला किसानों को मिल रहा निःशुल्क बीज मिनीकिट

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की संवेदनशील सरकार किसानों के हित में निरंतर ठोस कदम उठा रही है। कृषि को राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए सरकार का उद्देश्य न केवल उत्पादन बढ़ाना है, बल्कि कृषकों को आर्थिक रूप से खुशहाल बनाना भी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि किसान आत्मनिर्भर बनें, उनकी आमदनी दोगुनी हो और कृषि को तकनीकी, प्रशिक्षण और संसाधनों से जोड़कर कृषकों को समृद्ध बनाया जाए। इसके साथ ही राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए भी कृतसंकल्पित है। इस दोहरे लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रदेश की महिला कृषकों को निःशुल्क बीज मिनीकिट का वितरण किया जा रहा है। कृषि कार्य में महिलाएं बुआई से लेकर कटाई तक अहम भूमिका निभाती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा महिलाओं को मूंग, मोठ, ज्वार, मक्का, बाजरा, मूंगफली और सोयाबीन की फसलों के निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए जा रहे हैं। इससे महिला कृषक उच्च गुणवत्ता की फसल प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ ही राज्य और देश की अर्थव्यवस्था में अपना अहम योगदान दे रही हैं।

**बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत व्यापक बीज वितरण**

राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत खरीफ-2025 सीजन में विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 27 लाख 95 हजार 337 निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ-ओएस) के तहत मूंगफली और सोयाबीन के 18 हजार 966 मिनीकिट, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) के तहत उड़द, अरहर और ज्वार के 2 लाख 16 हजार 651 मिनीकिट तथा राज्य बजट घोषणा के अनुसार मक्का के 11 लाख 49 हजार 658, बाजरा के 7 लाख 99 हजार 995, मूंग के 4 लाख और मोठ के 1 लाख बीज मिनीकिट शामिल हैं।

**प्राथमिकता वर्गों को लाभ और पारदर्शी वितरण व्यवस्था**

इन योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, लघु एवं सीमांत कृषकों, स्वयं सहायता समूहों, निशक्तजनों एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाली महिला कृषकों को प्राथमिकता दी गई है। बीज वितरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह कार्य जन आधार कार्ड के माध्यम से किया जा रहा है। संबंधित कृषि पर्यवेक्षक लाभार्थियों को न केवल बीज प्रदान कर रहे हैं, बल्कि विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के अनुसार फसल की किस्म के चयन, बुवाई की विधि, फसल प्रबंधन और बीजों के उचित उपयोग की जानकारी भी दे रहे हैं, जिससे किसान अधिक उपज प्राप्त कर सकें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार केन्द्र एवं राज्य की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। इससे किसानों और महिलाओं का सशक्तिकरण होने के साथ ही राजस्थान आत्मनिर्भर कृषि राज्य बनने की ओर निरंतर अग्रसर हो रहा है।

सूरत में आज 'प्रवासी राजस्थानी मीट' का आयोजन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का प्रतिनिधिमंडल सूरत के प्रवासी राजस्थानी समुदाय से करेगा मुलाकात

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

PRAVASI RAJASTHANI DIVAS
10 DEC 2025 • JAIPUR

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 8 अक्टूबर को सूरत में आयोजित होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी मीट' में गुजरात और सूरत में रहने वाले प्रवासी राजस्थानी समुदाय से मुलाकात करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा वहां के प्रमुख उद्यमियों एवं औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों को राजस्थान में निवेश करने और राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए आमंत्रित करेंगे। सूरत में आयोजित यह 'प्रवासी राजस्थानी मीट' राज्य सरकार के उस व्यापक अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में निवास कर रहे प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव सुनिश्चित और सशक्त किया जा रहा है और उन्हें राज्य की प्रगति यात्रा का भागीदार बनने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यह आयोजन 10 दिसंबर 2025 को जयपुर में आयोजित 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भी किया जा रहा है। सूरत में होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी मीट' में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी एवं भू-जल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम उद्देश्य प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना है। 'प्रवासी राजस्थानी मीट' के बाद मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल सूरत में मौजूद फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स, सिरेमिक्स और पेट्रोकेमिकल्स जैसे सेक्टर्स के प्रमुख अधिकारियों से भी मुलाकात करेगा।

सूरत में होने वाला यह कार्यक्रम जयपुर में 10 दिसंबर को होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के मद्देनजर किया जा रहा है। इस श्रृंखला में पहला कार्यक्रम दो हफ्ते पहले हैदराबाद में आयोजित किया गया था। 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' का उद्देश्य राजस्थान की विकास यात्रा में 'कनेक्ट, कोलैबोरेट एंड कॉन्ट्रिब्यूट' (Connect, Collaborate, and Contribute) के सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव को और मजबूत करना है। सूरत में इस कार्यक्रम का आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के सहयोग से किया जा रहा है।

**'प्रवासी राजस्थानी दिवस, 2025' के बारे में'**

10 दिसंबर को मनाया जाने वाला 'प्रवासी राजस्थानी दिवस', राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के वैश्विक प्रवासी समुदाय से जुड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। राज्य सरकार के उद्योग विभाग और राजस्थान फाउंडेशन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रवासी राजस्थानी समुदाय से सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करना और उन्हें राज्य के विकास में सहभागी बनाना है।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर स्वच्छ सर्वेक्षण कार्यशाला एवं सफाई मित्र सम्मान समारोह महर्षि वाल्मीकि ने समाज को दिखाई नई राह : यूडीएच मंत्री खर्रा




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर निगम उदयपुर की ओर से मंगलवार को सुखाड़िया रंगमंच सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण कार्यशाला एवं सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा रहे। इस अवसर पर नगर निगम अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि संत वाल्मीकि ने समाज को नई राह दिखाई और आज भी वाल्मीकि समाज पूरे समर्पण के साथ साफ-सफाई का दायित्व निभा रहा है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को सफाई कर्मियों के प्रति अपनत्व का भाव रखना चाहिए।

**सफाई कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पुनः प्रारम्भ होगी**

सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर मंत्री खर्रा ने कहा कि यूनियनों एवं अन्य स्रोतों से लगातार सुझाव प्राप्त हो रहे हैं। इन्हीं सुझावों के आधार पर पूर्व में भर्ती प्रक्रिया स्थगित की गई थी। वर्तमान में भी सभी पहलुओं का अध्ययन किया जा रहा है और शीघ्र ही भर्ती प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हज यात्रा - 2026 के ट्रेनर्स के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

हज यात्रा 2026 में चयनित हज यात्रियों को हज अरकान, व्यवस्थागत निर्देशों एवं संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के लिए पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी हज ट्रेनर्स की प्रशिक्षण प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी 7 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अधिशाषी अभियंता अबु सुफियान चौहान ने बताया कि ट्रेनर पद हेतु आवेदन के लिए आवेदन पत्र, आवश्यक योग्यताओं के संबंध में जानकारी तथा अन्य सूचनाएं हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति मय शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र, हज या उमराह वीजा एवं संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न कर 27 अक्टूबर 2025 तक कक्ष संख्या 1106, प्रथम तल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर में कार्यालय समय के दौरान जमा कराना आवश्यक है। चौहान ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट में 50 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा।

### राज्यपाल बागडे ने जारी किए आदेश कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलगुरु डॉ. बलराज सिंह पद से निलम्बित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलगुरु डॉ. बलराज सिंह को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित किए जाने के आदेश जारी किए हैं। यह निलंबन डॉ. बलराज सिंह द्वारा कार्यकाल के अंतिम तीन माह में किसी प्रकार का नीतिगत निर्णय नहीं लेने के कुलगुरु द्वारा उल्लंघन किए जाने और उनके विरुद्ध मिली विभिन्न गंभीर शिकायतो के कारण किया गया है। कुलगुरु के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों के अंतर्गत उनके द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम में उल्लेखित अपने अधिकारों एवं क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर कार्मिकों की सेवा बर्खास्तगी एवं स्थांतरण करने और नियमों की अनदेखी किए जाने, प्रदत्त शक्तियों का दुरुपयोग करने आदि प्रमुख है। कुलगुरु के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों के अंतर्गत उनके द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम में उल्लेखित अपने अधिकारों एवं क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर कार्मिकों की सेवा बर्खास्तगी एवं स्थांतरण करने और नियमों की अनदेखी किए जाने, प्रदत्त शक्तियों का दुरुपयोग करने आदि प्रमुख है।राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने जांच प्रभावित नहीं है। इसके लिए एक जांच कमेटी गठित की है।

कार्यग्रहण नहीं करने वाले बीएलओ को किया गया निलंबित

## निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी किशनपोल ने जारी किये निलंबन आदेश


■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही बरतने एवं बीएलओ ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जयपुर के किशनपोल निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी राजेश जाखड़ ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 व धारा 13 13 (ग) (ग) की प्रदत्त शक्तियों के तहत एवं राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी किशनपोल राजेश जाखड़ ने बताया कि कार्यालय मुख्य अभियंता प्रशासन, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ सहायक केहुल को बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया जाकर कार्यग्रहण हेतु आदेशित किया गया था। उक्त कार्मिक द्वारा उपस्थित नहीं होने पर नोटिस जारी कर पुनः कार्यग्रहण हेतु आदेशित किया गया था। कार्मिकों द्वारा ना तो निर्वाचन कार्यालय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई एवं ना ही अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्मिक द्वारा चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में, घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है। जिससे निर्वाचन का कार्य बाधित हुआ है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी किशनपोल राजेश जाखड़ ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना एवं राष्ट्रीय महत्ता के कार्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एंव अनुशासनहीनता के चलते कार्यालय मुख्य अभियंता प्रशासन, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ सहायक केहुल को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज से भेंट

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को जयपुर आये जूना अखाडा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज सें भेट की। स्वामी अवधेशानंद से मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश सें जुड़े विभिन्न विषयो पर चर्चा की। लगभग आधा घंटा चली वार्ता मे स्वामी महाराज ने मंत्री जी को स्वयं द्वारा रचित धर्म साहित्य की पुस्तकें भी भेंट की। लगभग आधा घंटा चली वार्ता मे स्वामी महाराज ने मंत्री जी को स्वयं द्वारा रचित धर्म साहित्य की पुस्तकें भी भेंट की। उल्लेखनीय है कि मंत्री मदन दिलावर की स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज के प्रति गहरी आस्था हैं। स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज-हिंदू आध्यात्मिक गुरु, संत, लेखक और दार्शनिक हैं। स्वामी अवधेशानंद गिरि जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर हैं, उन्हें जूना अखाड़े का प्रथम पुरुष मान जाता है। जूना अखाड़ा भारत में नागा साधुओं का बहुत पुराना और बड़ा समूह है। स्वामी अवधेशानंद गिरि ने लगभग दस लाख नागा साधुओं को दीक्षा दी है और वे उनके पहले गुरु हैं। इनका आश्रम कनखल, ऋषिकेश में है। स्वामी अवधेशानंद गिरि हिंदू धर्म आचार्य सभा के अध्यक्ष हैं और वर्ल्ड काउंसिल ऑफ रिलीजियस लीडर्स के बोर्ड मेंबर भी हैं।

## नीलाम मिनरल ब्लॉकों की आवश्यक अनुमतियां हो प्राथमिकता से जारी, नीलाम खानों में शीघ्र आरंभ हो खनन कार्य : पंत



- परिचालन में आने से निवेश, रोजगार के नए अवसर और राजस्व में बढ़ोतरी
- बजरी ब्लॉकों के परिचालन में नहीं आने से आमजन को नहीं मिल रही राहत

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने नीलाम मिनरल ब्लॉकों को शीघ्र परिचालन में लाने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक अनुमतियां प्राथमिकता से जारी कराने के निर्देश दिए हैं। समय पर आवश्यक अनुमतियां जारी होने से नीलाम ब्लॉकों में खनन कार्य आरंभ हो सकेगा, इससे खनन क्षेत्र में निवेश के साथ ही प्रदेश में रोजगार के नए अवसर और राज्य सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत मंगलवार को सचिवालय के चिंतन कक्ष में नीलाम किये गए खनिज ब्लॉकों में शीघ्र खनन कार्य आरंभ कराने के लिए प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य में 112 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी के साथ देश में अव्वल है पर आवश्यक अनुमतियां जारी होने में देरी के कारण इन ब्लॉकों में खनन आरंभ नहीं हो।

## संगठन सृजन अभियान : जीआर राजू बोले- पार्टी के प्रति समर्पण ही जिलाध्यक्ष का क्राइटेरिया

■ आंध्र प्रदेश के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जीआर राजू ने जयपुर शहर अध्यक्ष के नामों को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से की रायशुमारी।

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्षों के चयन के लिए कार्यकर्ताओं और नेताओं की रायशुमारी करने के लिए नियुक्त किए गए केंद्रीय पर्यवेक्षक राजस्थान के अलग-अलग जिलों में जाकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से वन टू वन संवाद करके जिलाध्यक्षों के बारे में रायशुमारी कर रहे हैं। जयपुर के पर्यवेक्षक और कांग्रेस की सर्वोच्च इकाई कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य जी राजू ने मंगलवार को जयपुर शहर अध्यक्ष पद के दावेदारों के नाम को लेकर को लेकर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की।इससे पहले राजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पार्टी के प्रति समर्पण निष्ठा और जनता के बीच लोकप्रियता ही जिलाध्यक्ष बनने का पहला क्राइटेरिया होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी जिला अध्यक्ष बनने के लिए आवेदन कर सकता है, लेकिन उसकी पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखा जाएगा कि वो कितने दिन से पार्टी के लिए काम कर रहा है।

**आया राम, गया राम के नाम पर विचार नहीं होगा**

जीआर राजू ने कहा कि आया राम, गया राम के नाम पर पार्टी जिलाध्यक्ष के लिए विचार नहीं किया जाएगा, क्योंकि राहुल गांधी नहीं चाहते कि हाल ही में दूसरे दलों से आए लोगों को जिलाध्यक्ष बनाया जाए, क्योंकि पार्टी में लंबे समय तक निष्ठापूर्ण होकर काम करने वालों को ही मौका दिया जाएगा।

**विधायक और विधानसभा प्रत्याशी भी बन सकते हैं जिला अध्यक्ष**

राजू ने उन अटकलों को भी सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि विधायक जिला अध्यक्ष नहीं बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक और विधानसभा चुनाव लड़ चुके नेता भी जिलाध्यक्ष बन सकते हैं और ऐसा भी नहीं है कि अगर वह जिलाध्यक्ष बन जाएं तो उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजनीति में हैं तो जिलाध्यक्ष बनने के बाद भी वह विधानसभा का चुनाव लड़ सकते हैं ।और इसके अलावा निवर्तमान जिलाध्यक्ष भी दोबारा से चुने जा सकते हैं।उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष के लिए ऐसे नामों के बारे में रायशुमारी की जाएगी जो पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा रखते हों, महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू की विचारधारा को आगे बढ़ाने वाले हों। साथ ही वह यह प्रण लें कि वे राहुल गांधी को इस देश का प्रधानमंत्री बनाकर रहेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार पर भ्रष्टाचार पनपाने, नौकरशाही के बेलगाम होने और पुरानी योजनाओं को बंद करने के आरोप लगाए

## एसएमएस हादसा इस सरकार की नाकामी का जीता जागता उदाहरण : गहलोत

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




जयपुर के एसएमएस अस्पताल में लगी आग की घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मौजूदा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि इस सरकार में त्रासदी के सिवाय और हो क्या रहा है गहलोत मंगलवार सुबह बूंदी पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में सरकार को पूरी तरह नाकाम बताते हुए कहा कि जनता परेशान है, सरकारी सिस्टम चरमराया हुआ है और भ्रष्टाचार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत जयपुर से कोटा के कुंदनपुर जाते समय बूंदी के एक निजी होटल में रुके। यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य की मौजूदा सरकार न तो प्रशासन चला पा रही है और न ही जनहित की योजनाओं को। उन्होंने कहा, हर तरफ अव्यवस्था है। एसएमएस जैसी प्रदेश की सबसे बड़ी अस्पताल में भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। यह त्रासदी इस सरकार की नाकामी का जीता जागता उदाहरण है। गहलोत ने आरोप लगाया कि इस सरकार में करप्शन बहुत बढ़ गया है। कोई भी विभाग करप्शन से अछूता नहीं है। सरकार का उस पर कोई कंट्रोल नहीं है।

**नरेगा से लेकर चिरंजीवी तक सब ठप**

पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि जनता को अब विकास नहीं, केवल प्रचार दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा, सरकार अखबारों और टीवी में विज्ञापनों से तो चमक रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि योजनाएं ठप हैं। नरेगा मजदूर 6-6 महीने से अपनी मजदूरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। गरीब आदमी का पेट कैसे भरेगा गहलोत ने आगे कहा कि चिरंजीवी योजना उनके कार्यकाल की ऐतिहासिक पहल थी।जिससे लाखों गरीबों का मुफ्त इलाज हुआ। आज हालत यह है कि अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं, कर्मचारियों और पेंशनर्स को आरजीएचएस में दवा नहीं मिल रही। इलाज के लिए इधर-उधर भागना पड़ रहा है। सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ प्रचार पर है, काम पर नहीं।

**अफसरशाही बेलगाम**

उन्होंने कहा कि पेंशनर्स महीनों से परेशान हैं, कई वृद्ध लोगों को पेंशन समय पर नहीं मिल रही। यह कैसी संवेदनहीन सरकार है, जो बुजुर्गों की आवाज भी नहीं सुन रही जब सरकार जनता के प्रति जवाबदेह नहीं रह जाती, तब त्रासदियां ही होती हैं, जो आज पूरे प्रदेश में देखने को मिल रही हैं। गहलोत ने कहा कि अफसरशाही बेलगाम हो चुकी है और जनप्रतिनिधि असहाय हैं। सरकार का नियंत्रण व्यवस्था पर खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट में व्यस्त है, जबकि जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। जबकि सरकार विज्ञापन में सिस्टम दुरुस्त का ढिंढोरा पीट रही है। गहलोत ने पूर्व मंत्री भरत सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस मौके पर गहलोत के साथ पूर्व नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल, विधायक हरिमोहन शर्मा, पूर्व कांग्रेस नेता सत्येश शर्मा, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष निशांत नुवाल, वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन सहित कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**एसएमएस हॉस्पिटल आगजनी : गहलोत ने आयोग बनाने की मांग की, सरकार पर लगाया आरोप**

**पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्स्स हॉस्पिटल आगजनी की घटना पर सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि केवल 5-7 लोगों की कमेटी बनाकर लीपापोती नहीं की जा सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस हादसे की सच्चाई जानने के लिए आयोग का गठन होना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसा दोबारा न हो। गहलोत ने कहा, प्रदेश में बिना पैसे दिए काम नहीं हो रहा है। भ्रष्टाचार बेलगाम है और इससे मुझे तकलीफ होती है। सरकार का नाम ही नहीं रह गया। पूर्व सीएम ने कहा कि सरकार का काम केवल सत्ता तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जनता के लिए होना चाहिए। अगर सरकार सुशासन और अच्छी गवर्नेंस देगी, तो इसका लाभ सीधे जनता को मिलेगा। गहलोत ने थोड़ी देर के लिए नरेश मीणा का जिक्र करते हुए कहा कि वह युवा नेता हैं और उनका लंबा करियर है। उन्होंने मीणा से आग्रह किया कि गुस्से पर काबू रखें और शांत दिमाग से काम करें। अंता विधानसभा सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी जल्द ही तय किया जाएगा।**

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )

CMYk